प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 04.02.2026

थाना मुगलसराय, जनपद चन्दौली

🔷 **थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 35 ग्राम अवैध हिरोईन बरामद कर 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

चन्दौली- पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी रोकथाम व तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनंत चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.) व क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर अरुण कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय सन्तोष कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर GTR ब्रीज के पास मानसरोवर पोखरे के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। अभियुक्त मानसरोवर पोखरे से पुलिस टीम को देख कर भागने लगा जिसे घेराबन्दी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान ओम प्रकाश चौहान पुत्र स्व0 संतोषी चौहान निवासी मवई खुर्द थाना अलीनगर जनपद चन्दौली उम्र 37 वर्ष के रुप में हुई। पूछताछ के दैरान अभियुक्त द्वारा भागने के सम्बन्ध में बताया कि हमारे पास मादक पदार्थ हेरोईन है इसलिए पकडे जाने के डर से भाग रहा था। उपरोक्त व्यक्ति के कब्जें से 35 ग्राम अवैध हिरोईन बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्ति से बरामद हिरोइन के सम्बन्ध मे बताया कि एक व्यक्ति जो ट्रेन से आता है जिससे मेरी जान पहचान नही है वह आता है और मुझे 50 से 80 ग्राम एक बार में देकर जाता है और मैं उसे स्टेशन के आस पास घूम-घूम कर पुडिया बनाकर बेचता हूँ जिससे मुझे कुछ लाभ हो जाता है। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 49/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम पता अभियुक्त-

ओम प्रकाश चौहान पुत्र स्व0 संतोषी चौहान निवासी मवई खुर्द थाना अलीनगर जनपद चन्दौली उम्र 37 वर्ष

अपराधिक विवरण –

1.मु0अ0सं0 – 0049/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली ।

विवरण बरामदगी –

1.35 ग्राम अवैध हिरोइन ।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्र0नि0 सन्तोष कुमार सिंह कोतवाली मुगलसराय चन्दौली ।

2.उ0नि0 अजय कुमार चौकी प्रभारी रेलवे कालोन थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

3.उ0नि0 मनोज तिवारी थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली ।

4.का0 अमित यादव थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली ।

थाना इलिया, जनपद चन्दौली

🔷 थाना इलिया पुलिस टीम द्वारा 25000/ रूपये का इनामिया व गोवंश तस्करी के अभियोग में वाछिंत 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे द्वारा अपराध एवं आपराधियों के विरुद्ध अंकुश लगाने हेतु वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु दिये गये आदेश/निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनंत चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.) व क्षेत्राधिकारी चकिया रघुराज के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह थाना इलिया के नेतृत्व में दिनांक 03.02.2026 को थाना इलिया पुलिस टीम द्वारा वांछित 25000/ रूपये का इनामिया अभियुक्त छोटू उर्फ धर्मेन्द्र यादव पुत्र राम बहादुर यादव निवासी ग्राम रसार थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 24 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0स0-75/2025 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व 109(1)/325/352 BNS व मु0अ0स0-83/25 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम थाना इलिया जनपद चन्दौली को बनरसिया माइनर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

1.छोटू उर्फ धर्मेन्द्र यादव पुत्र राम बहादुर यादव निवासी ग्राम रसार थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 24 वर्ष

आपराधिक इतिहास अभियुक्त:-

1.मु0अ0स0-75/2025 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व 109(1)/325/352 BNS

2.मु0अ0स0-83/25 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम थाना इलिया जनपद चन्दौली

3.मु0अ0सं0- 27/2024 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व 420/429 BNS थाना चन्दौली जनपद चन्दौली

4.मु0अ0सं0- 66/2024 धारा 3(1)यूपी गैगेस्टर एक्ट थाना चन्दौली जनपद चन्दौली

5.मु0अ0स0-138/2019 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज

6.मु0अ0स0-140/2019 धारा 307/398/401 भादवि थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज

7.मु0अ0स0-141/2019 धारा 411/420/467/468/471 भादवि थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज

गिरफ्तारी करने वाली टीम:-

1. उ0नि0 अरूण प्रताप सिंह थानाध्यक्ष थाना इलिया जनपद चन्दौली

2. उ0नि0 गिरीश बल्लभ शुक्ल चौकी प्रभारी कस्बा थाना इलिया जनपद चन्दौली
3. हे0का0 हरि किशुन प्रजापति थाना इलिया जनपद चन्दौली
4. हे0का0 कल्लन यादव थाना इलिया जनपद चन्दौली
5. का0 आलोक सिंह थाना इलिया जनपद चन्दौली
6. का0 दुर्गविजय वर्मा थाना इलिया जनपद चन्दौली